ACC

स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति

एसीसी लिमिटेड भारत के सीमेंट एवं रेडी मिक्स्ड कॉंक्रीट के अग्रणी उत्पादकों में से एक है, जिसका देश भर में अपने प्लांटों, खदानों और कार्यालयों का एक विशालकाय नेटवर्क फैला हुआ है।

हम अपने व्यवसाय को कुछ इस प्रकार से चलाते हैं, जो हमारे सभी हितधारकों (कर्मचारियों, ठेकेदारों, समुदायों एवं ग्राहकों) को एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है और यह एक ठोस सुरक्षा-संस्कृति पर आधारित है।

हम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वाधिक महत्ता देते हैं। हम अपने संगठन में सभी स्तरों पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत उत्तरदायित्व और प्रत्यक्ष नेतृत्व में विश्वास करते हैं।

हमारी प्रतिबद्धता

हम:

- अपना व्यवसाय शून्य क्षति के लक्ष्य के साथ करेंगे।
- अपने सभी कर्मचारियों एवं ठेकेदारों के लिए कार्य करने की सुरक्षित एवं स्वस्थ स्थितियाँ प्रदान करेंगे।
- व्यवसाय में अपने प्रदर्शन में सतत सुधार लाने और सक्रियता से जोख़िम प्रबंधन के साथ वैश्विक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को बरकरार रखेंगे।
- उपयुक्त कानूनी, विनियामक, उद्योग एवं कॉर्पोरेट की आवश्यकताओं का पालन करेंगे।
- प्रासंगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मुद्दों पर सभी हितधारकों के साथ खुले तौर पर संवाद करेंगे।

नीरज अखौरी

4 फरवरी, 2017

नीरज अखौरी

एमडी और सीईओ

ACC स्वास्थ्य और सुरक्षा नियम

नियम 1

कोई भी कार्य शुरू करने से पहले मैं जोख़िमों का आकलन और नियंत्रण करता / करती हूँ।

नियम 2

मैं केवल उन गतिविधियों को करता / करती हूँ, जिनके लिए मैं अधिकृत हूँ।

नियम 3

मैं कभी भी स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी उपकरणों का उल्लंघन या दुरुपयोग नहीं करता / करती हूँ तथा सदैव आवश्यक निजी सुरक्षा संबंधी उपकरणों (PPE) का उपयोग करता / करती हूँ।

नियम 4

मैं कभी भी शराब या मादक पदार्थों के नशे में कार्य नहीं करता/करती हूँ।

नियम 5

मैं हमेशा सभी घटनाओं की रिपोर्ट करता/करती हूँ।

उक्त सभी नियमों का सक्रियता से पालन करना रोज़गार की एक शर्त है।

4 फरवरी, 2017

नीरज अखौरी

एमडी और सीईओ